हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 4 अक्टूबर 2025

06 आसमान में दिखा अद्भुत नजारा, 71 फिट का...

07 संघ ने मनाया शताब्दी वर्ष, विजयादशमी पर्व पर...




## खबर संक्षेप


### आज लुनिया फीडर क्षेत्र में बिजली प्रदाय रहेगा बाधित

**सीहोर।** बिजली कंपनी के कर्मचारियों द्वारा 4 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक 33/11 के.व्ही. पावर हाउस उपकेन्द्र से निर्गमित 11 के.वी. लुनिया फीडर पर रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही 11 के.वी. फीडर की शिरोपरि लाइन पर आ रहे पेड़ों की छटाई, लाइन पेट्रोलिंग, एबी स्विच, इन्सुलेटर एवं जम्पर का रखरखाव कार्य किया किया जाएगा। इस कारण सीहोर के नेहरू कॉलोनी, शिक्षक कालोनी, मोती बाबा रोड़, पॉवर हाउस कालोनी, पावर हाऊस चौराहा, लुनिया चौराहा, लुनिया मोहल्ला, हरिजन मोहल्ला, स्टेशन रोड़, बाल्मीकि नगर, सुभाष नगर, बीएसआई ग्राउण्ड क्षेत्र, शारदा स्कूल क्षेत्र, स्वामी नारायण मंदिर, शिवाराध्या कॉलोनी, श्रीराम कॉलोनी एवं लुनिया फीडर से संबंधित क्षेत्रों में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा।

### तहसील कार्यालय में शुरू होगी मोबाइल वैन

**सीहोर।** भोपाल के भारतीय विदेश सेवा क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय द्वारा भारत सरकार की पासपोर्ट जारी करने की सेवाओं को अधिक सुलभ और कुशल बनाने तथा आवेदकों को उनके घर तक आसानी से पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सीहोर तहसील कार्यालय के नवीन भवन में 6 अक्टूबर आगामी 2 माह तक के लिए पासपोर्ट मोबाईल वैन तैनात की जा रही है। जो आवेदक अपना पासपोर्ट बनवाना चाहते हैं, वे 6 अक्टूबर से आगामी दो माह तक तहसील कार्यालय में खड़ी मोबाईल वैन पर पहुंचकर अपने दस्तावेज जमा करा सकते हैं और अपने पासपोर्ट के लिए आवेदन कर सकते हैं।


### 5 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर पर सिटी स्पोर्ट्स क्लब एवं रेडक्रॉस के तत्वाधान थैलीसीमिया रोगियों की सहायता के लिए आगामी 5 अक्टूबर को सुबह नौ बजे रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया जाएगा।
इस संबंध में जानकारी देते हुए चर्च मैदान सिटी क्लब के अध्यक्ष अजय मिंटू अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान महादान है इस पुण्य कार्य को देखते हुए क्लब एवं रेडक्रॉस के तत्वाधान रविवार को पुनित संकल्प के साथ सुबह नौ बजे जिला अस्पताल के सहयोग से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से रक्तदान करने की अपील की है।

### वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से वार्डवासियों में मायूसी, आने वाले दो सालों में विकास की दरकार

# सुविधाओं के लिए तरसे वार्डवासी, सड़कें नहीं बनी, नलों से आ रहा गंदा पानी

**सीहोर।** वार्ड क्रमांक 25 में सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाता है। इस कारण वाहन चालकों को होती है परेशानी।

**वार्ड क्रमांक 25 की कहानी लोगों की जुबानी**

एक तरफ जहां वार्ड में पानी की व्यवस्था तो ठीक है और एक दिन छोड़कर नल आते हैं, वहीं दूसरी तरफ पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हरिभूमि वार्ड स्कैन के अंतर्गत शहर के वार्ड क्रमांक 25 में पड़ताल की। इस दौरान वार्डवासियों से चुनाव के दौरान वार्ड पार्षद उम्मीदवार रहे मुकेश मेवाड़ा के दावे और पार्षद बनने के बाद वास्तविकता जानने का प्रयास किया। पड़ताल के दौरान विकास के वादे हवा-हवाई नजर आए। पार्षद मुकेश मेवाड़ा को 53 वोटों के अंतर से जीत मिली थी, लेकिन जीतने के बाद से ही वार्ड की बदहाली दूर नहीं हो रही। वार्डवासी आरोप लगा रहे हैं कि नई सडक़ें तो दूर, मौजूदा जर्जर सडक़ें भी कीचड़ से भरी पड़ी हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो कि वार्ड 25 की मुख्य सडक़ रेलवे स्टेशन तक जाती है, जिस पर रोजाना हजारों लोगों का आवागमन होता है। इसके बावजूद यह महत्वपूर्ण मार्ग बदहाली का शिकार है। इस वार्ड में जनता कॉलोनी, पोस्ट ऑफिस रोड, श्रीराम कॉलोनी और शिवराध्या कॉलोनी जैसे बड़े क्षेत्र शामिल हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी साफ दिख रही है।


**साफ पानी भी नहीं, स्वास्थ्य पर खतरा :** एक तरफ जहां वार्ड में पानी की व्यवस्था तो ठीक है और एक दिन छोड़कर नल आते हैं, वहीं दूसरी तरफ पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। वार्ड की एक महिला ने बताया कि नलों से गंदा पानी आ रहा है, जो पीने योग्य नहीं है। यदि वार्डवासी यह गंदा पानी पीते हैं तो उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ेगा।

### जीत का अंतर 53 वोटों का मिली है बड़ी जिम्मेदारी

2022 के नगर पालिका चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी मुकेश मेवाड़ा ने कांग्रेस के रामप्रकाश चौधरी को सिर्फ 53 वोटों से हराया था। मुकेश मेवाड़ा को 770 और रामप्रकाश चौधरी को 717 वोट मिले थे। इस जीत के बाद से ही वार्ड के करीब 2400 मतदाताओं और साढ़े तीन हजार की आबादी की उम्मीदें उनसे बंधी हैं, लेकिन वार्ड की मौजूदा स्थिति विकास के दावों पर सवालिया निशान लगा रही है।

हरिभूमि वार्ड -स्कैन

### परिसीमन से गड़बड़ी हुई



वार्ड परिसीमन के दौरान गड़बड़ी हुई। पटरी के उस पार अलग क्षेत्र होना था, पटरी के इस पार का क्षेत्र मण्डी के किसी भी वार्ड में होना था। बड़ा क्षेत्र होने की वजह से जनप्रतिनिधि मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान नहीं दे पाते।

**रामप्रकाश चौधरी,** विपक्षी जनप्रतिनिधी

### हरिभूमि की अपील



पिछले अन्य दो वार्डों की भांति वार्ड क्रमांक 25 में भी हरिभूमि वार्ड स्कैन किया गया। समस्या और अच्छाई दोनों को देखने का प्रयास किया गया, जैसा वार्डवासियों ने बताया वैसा ही प्रकाशित किया गया है। फिर भी हरिभूमि वार्डवासियों से अपील करता है कि यदि हमसे समस्याएं छूट गई हो या वार्ड में अन्य विशेष समस्याएं हो तो वाट्सअप नं. 9755123812 पर फोटो वीडियो भेजे, ताकि समस्याओं को लेकर भी वार्ड की दूसरी खबर प्रकाशित की जा सके।

### बड़ी सौगात मिली है



वार्ड क्रमांक 25 में बड़ी सौगात के रूप में एक करोड़ रुपए की पानी की टंकी निर्माण और पाइप लाइन बिछाई जा रही है। काम अंतिम चरण में है। पाइप लाइन बिछने के बाद सडक़ें भी बनेंगी। रेलवे स्टेशन रोड भी स्वीकृत है, उसका भी निर्माण जल्द शुरू होगा।

**मुकेश मेवाड़ा,** पार्षद पार्षद वार्ड क्र. 25

## क्या बोले वार्ड नंबर 25 के रहवासी

### मुख्य सड़क ही जर्जर



हमारे वार्ड में महत्वपूर्ण सडक़ है, जो शहर को रेलवे स्टेशन से जोड़ती है। इस सडक़ से देश भर से लोग आते जाते हैं, लेकिन सडक़ की हालत बदहाल है। गड्ढे हो रहे हैं, इससे सडक़ हादसे भी होते हैं। इस सडक़ का निर्माण होना चाहिए।

**डॉ. विश्वजीत विश्वास,** वार्डवासी

### सामुदायिक भवन बने



हम वार्ड क्रमांक 25 के निवासी है। हालांकि पटरी के इस पार है, लेकिन 2022 के चुनाव से वार्ड 25 का हिस्सा बन गए हैं। हमारे घर के सामने की यह सडक़ श्रीमती अरोरा जी के अध्यक्षीय और रामप्रकाश चौधरी के पार्षदीय कार्यकाल में बनी थी।

**घनश्याम सोनी,** जनता कॉलोनी

### गड्ढों में तब्दील हुई



हमारे घर के सामने की यह सडक़ पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है, जबकि सैकड़ों लोगों का प्रतिदिन इस सडक़ से आना जाना होता है। रेलवे स्टेशन सामने ही है, इसलिए इस सडक़ का उपयोग ज्यादा ही होता है।

**विनोद राठौर,** जनता कॉलोनी

### सब ठीक-ठाक है



हमारे वार्ड में कोई समस्या नहीं है। वार्ड में कचरा गाड़ी समय पर आती है। नालियों की साफ सफाई होती है। नल से पानी भी एक दिन छोडक़र आ रहा है। पार्षद जी से कोई शिकायत नहीं है।

**रीना मेवाड़ा,** श्रीराम कॉलोनी

### पेयजल की समस्या



वार्ड में पेयजल की बहुत समस्या है। नलों से पानी तो एक दिन छोडक़र आ रहा है, लेकिन इतना गंदा पानी आ रहा है कि वह पीने के योग्य नहीं है। बारिश में तो नल भी आ रहे हैं, लेकिन गर्मी में बहुत परेशानी होती है।

**संगीता कुशवाह,** श्रीराम कॉलोनी

### साफ-सफाई की कमी



साफ सफाई की कमी है। प्रतिदिन सफाई मित्र नहीं आते, जिसकी वजह से हमारे क्षेत्र में यहां-वहां गंदगी के ढेर नजर आते हैं। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए साथ ही हमारे घर के सामने की इस सडक़ का भी निर्माण होना चाहिए।

**मायादेवी राय,** श्रीराम कॉलोनी

### सड़क नहीं बनी



हमारे वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति ठीक है। हमारे क्षेत्र में सडक़ नहीं बनी, जिसकी वजह से बारिश के इन दिनों में कीचड़ मच रहा है। वार्ड में साफ सफाई भी नहीं होती। कभी कभार ही सफाई मित्र आकर सफाई करके चले जाते हैं।

**ओमवती कुशवाह,** श्रीराम कॉलोनी

### कोई समस्या नहीं



हमारे वार्ड में कोई समस्या नहीं है। पार्षद जी निरंतर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए भ्रमण करते हैं। साफ सफाई भी होती है। प्रतिदिन कचरा गाड़ी भी आती है। पार्षद जी से हमें कोई शिकायत नहीं है।

**धनकुंवर मालवीय,** श्रीराम कॉलोनी

### उदयपुर में गूंजेगी सीहोर के अंकुश जैन की आवाज, पुलक मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन में देंगे प्रस्तुति



**सीहोर।** भजन गायक अंकुश जैन 4 अक्टूबर को राजस्थान के उदयपुर में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में अपनी सुमधुर प्रस्तुति देंगे। अंकुश जैन उदयपुर में स्थित जिनशासन तीर्थ पर आचार्य पुलक सागर मुनिराज के सानिध्य में हो रहे पुलक मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन की पूर्व संध्या पर आयोजित 'पुलक आइडियल' में शिरकत करेंगे। पुलक आइडियल प्रतियोगिता में अंकुश जैन अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जिसका आयोजन गुरुदेव पुलक सागर मुनिराज के सानिध्य में हो रहा है। बता दें उदयपुर में आचार्य पुलक सागर महामुनिराज का चातुर्मास सानंद चल रहा है। इस दौरान पुलक जागृति मंच और महिला जागृति मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन 4 अक्टूबर को होने जा रहा है।

### हाईवे पर मिला खून से लथपथ शवः परिजन बोलेः यह निर्मम हत्या, कोई हादसा नहीं



**सीहोर।** भोपाल बायपास पर लसुड़िया परिहार गांव के पास एक ढाबे के समीप 40 वर्षीय अभिषेक तोमर का खून से लथपथ शव मिला है। अभिषेक चाणक्यपुरी निवासी रिटायर्ड रेंजर विजय सिंह तोमर के बेटे थे। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस को शव पेट के बल पड़ा मिला। मुंह और नाक से काफी खून बह रहा था, जिससे प्रतीत होता है कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटनास्थल पर अभिषेक की बाइक भी खड़ी मिली। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। परिजनों ने इसे निर्मम हत्या बताया है। अभिषेक के पिता विजय सिंह तोमर ने स्पष्ट कहा है कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि हत्या का मामला है। कोतवाली थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस ने मार्ग कायम कर लिया है और शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

### समर्थकों ने अज्ञात तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की

# जन्मदिन से पहले राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के पोस्टर फाड़े, समर्थकों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री और इछावर विधानसभा सीट से विधायक करण सिंह वर्मा के 6 अक्टूबर को जन्मदिन से पहले जिले में एक राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। मंत्री वर्मा के समर्थकों द्वारा जन्मदिन की बधाई देने के लिए इछावर नगर में लगाए गए पोस्टरों को अज्ञात लोगों ने फाड़ दिया है। इस घटना से मंत्री समर्थकों में नाराजगी है। करण सिंह वर्मा जिले के सबसे वरिष्ठ राजनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने इछावर विधानसभा सीट से नौ बार चुनाव लड़ा है और वह आठ बार विधायक चुने गए हैं। केवल एक बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। वर्तमान में वह प्रदेश सरकार में राजस्व एवं पुनर्वास मंत्री का पद संभाल रहे हैं। अमर्यादित कृत्यइतने वरिष्ठ और कद्दावर नेता के सम्मान में लगाए गए पोस्टरों को फाडऩा अमर्यादित कृत्य माना जा रहा है। समर्थकों का कहना है कि यह विरोधी तत्वों द्वारा जानबूझकर राजनीतिक दुर्भावना के तहत किया गया है ताकि मंत्री और उनके समर्थकों को अपमानित किया जा सके।जिले में पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएंयह पहली बार नहीं है जब जिले में इस तरह की घटना सामने आई हो। इससे पहले भी सीहोर में विभिन्न जनप्रतिनिधियों के पोस्टर फाड़े जाने के अनेक मामले सामने आ चुके हैं। इधर मंत्री वर्मा के समर्थकों ने घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी है और अज्ञात तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

### रोटरी क्लब का आज से लगेगा दो दिवसीय निःशुल्क कैंसर जांच शिविर

**सीहोर।** मानवता के लिए कार्य करने वाली रोटरी क्लब एवं इनर व्हील क्लब के तत्वाधान में शनिवार से दो दिवसीय महिलाओं में स्तन कैंसर, सवाईकल कैंसर जांच शिविर का आयोजन शहर के तहसील चौराहा के पास स्थित रोटरी भवन में किया जाएगा। जांच शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय, रोटरी क्लब के सचिव कपिल अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. कैलाश अग्रवाल, डॉ. एसआर गट्टानी, प्रोजेक्ट कार्डिनेटर रघुनंदन निगोदिया, प्रोजेक्ट डाइरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. गौरव ताम्रकार आदि शामिल है। तैयारियां पूर्ण हो गई है।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर का शुभारंभ आगामी चार अक्टूबर को शहर के तहसील चौराहा के समीपस्थ रोटरी भवन में सुबह 10 बजे प्रदेश के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अभिजीत देशमुख करेंगे। शिविर में एक हजार से पांच हजार रुपए की जांच निशुल्क की जाएगी। क्लब के अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने बताया कि महिलाओं के लिए स्तन कैंसर की जांच भी शामिल है, ताकि कैंसर का शीघ्र पता लगाया जा सके और जीवन बचाया जा सके, 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में स्तन कैंसर का खतरा अधिक होता है। शुरू में कैंसर की पहचान से न केवल इलाज आसान होता है, बल्कि जान भी बचाई जा सकती है।

खबर संक्षेप



### नवरात्रि के पावन पर्व पर निकाली गई चुनरी यात्रा

**सीहोर** । इछावर में नवरात्रि के पावन पर्व पर नवमी के दिन सौरभ मकरैया के संरक्षण में इच्छावर की सुख शांति समृद्धि के लिए चुनरी यात्रा निकाली गई उसके पश्चात माता रानी कों 101 मीटर की चुनरी समर्पित की गई । नवदुर्गा उत्सव समिति वार्ड नंबर 9 निमपुरा के तत्वाधान में माता जी की चुनरी नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में मातृशक्तियों ने चुनरी यात्रा में अपनी उपस्थिति दी और माता रानी की चुनरी यात्रा को भव्य और दिव्य बनाया जानकारी देते हुए सौरभ मकरैया ने बताया सामाजिक समरसता के संकल्प और धर्म को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाली गई चुनरी यात्रा चुनरी यात्रा का मुख्य उद्देश्य धर्म को जन-जन तक पहुंचाने के साथ सामाजिक समरसता के संकल्प को लेकर धार्मिक भावना से ओत-प्रोत सितारों से सजी 101 मीटर से अधिक लंबी विशाल चुनरी-यात्रा माँ शक्ति स्वरूपा के चरणों में अर्पित की गई , परम्परागत तरीके से नवरात्रि के पावन पर्व पर पूजा अर्चना करने के पश्चात चुनरी अर्पण कर सम्पन्न हुई ।

## छावनी मैदान पर शहर का सबसे ऊंचा रावण का पुतला दहन किया

# आसमान में दिखा अद्भुत नजारा, 71 फिट का रावण व मेघनाथ हुए भस्म

समिति के मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा ने किया अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का सम्मान






हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर भर में दशहरे का पर्व धूमधाम से मनाया गया। अनेक स्थानों पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक स्वरूप रावण के पुतलों का दहन किया गया। रावण के पुतलों के साथ मेघनाथ व लंका का भी दहन हुआ। छावनी मैदान पर शहर का सबसे ऊंचा रावण का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर छावनी दशहरा उत्सव समिति के मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा, समिति के अध्यक्ष आशीष गहलोत ने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का सम्मान किया।

विजय दशमी पर्व पर छावनी दशहरा उत्सव समिति द्वारा बाल विहार मैदान पर शाम 7 बजे के बाद 51 फीट उंचे रावण का दहन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व राम बारात निकाली गई, जिसमें राम लक्ष्मण और सीता सहित हनुमान के रूप में कलाकारों को रथ में बैठाया गया। राम बारात नमक चौराहे से शुरू हुई और फिर कार्यक्रम स्थल बाल विहार मैदान पहुंची। इस दौरान जमकर आतिशबाजी चलाई गई। जिसके बाद बड़ी संख्या में उपस्थित जन समुदाय की उपस्थिति में रावण दहन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि समिति के संरक्षक श्री अरोरा लंबे समय से अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजय दशमी का पर्व उत्साह के साथ मनाते आ रहे है। शहर में उत्सव मनाने का क्रम में यह सबसे बड़ा कार्यक्रम होता है। इस परम्परा को कायम रखने के लिए में आपका आभारी हूं।

समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि छावनी दशहरा उत्सव समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमिता अरोरा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती, कथा वाचक मोहित पाठक, हर्षित शास्त्री आदि का स्वागत किया।

## नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के मुख्य आतिथ्य में खटीक समाज ने रंगबिरंगी आतिशबाजी कर अहंकारी रावण का किया दहन



**सीहोर।** गुरुवार को विजय दशमी पर्व पर रात्रि दस बजे डॉ. अम्बेडकर धर्मशाला के सामने केला देवी माता मंदिर व दरगाह के पास खटीक समाज के बच्चों द्वारा निर्मित 21 फिट रावण के पुतले का दहन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के मुख्य आतिथ्य तथा तत्कालीन पार्षद दलित चिंतक नरेन्द्र खंगराले जाटव की अध्यक्षता में रावण दहन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम श्री राठौर व खंगराले द्वारा पूजा अर्चना कर खटीक समाज रावण दहन समिति के अध्यक्ष सुन्दरलाल सोनकर, उपाध्यक्ष दीपक सोनकर तथा खटीक समाज के बच्चों द्वारा रावण के पुतले का का निर्माण करने वाले बच्चों का पुष्पमालाऐं पहनाकर स्वागत किया तथा रंग बिरंगी आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले में आग लगकार पुतला दहन किया गया। उपस्थित जनता द्वारा रावण के धु-धु कर जलने पर जनता ने उक्त पर्व को असत्य पर सत्य की जीत बताया व मन में उत्पन्न रावण रूपी बुराईयों को त्यागने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री खंगराले ने खटीक समाज के अधुरे निर्माण कार्य वार्ड क्रं. 11 में सामूहिक भवन जर्रजर कीचड़ युक्त रोड, नाली व पुलिया निर्माण की मांग रखी, जिसे नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा शीघ्र प्राथमिकता से वार्ड वासियों व समाज द्वारा आवेदन तथा ज्ञापन देने पर निर्माण कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में तत्कालीन पार्षद श्रीमती आरती नरेन्द्र खंगराले, रामदुलारे सोनकर, पूर्व सरपंच अजय मालवीय, केवलराम सोनकर, दीपक सोनकर, दिलीप सोनकर, सोनू खटीक, राहुल खटीक, अविनाश खटीक, छोटू खटीक, एस.सोनकर, अमित सोनकर, कनिष्क सोनकर, सूर्य सोनकर, वैभान खटीक, सावित्री सोनकर, रजनी खटीक, बेनी सोनकर, चन्दा सोनकर, नीतु सोनकर, टीनू सोनकर, पूजा खटीक, बरखा खटीक आदि उपस्थित रहे।

## वर्तमान में गांधी और शास्त्री के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता : राजीव गुजराती

**सीहोर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर, 2 अक्टुबर, गुरूवार को सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गांधी की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय गांधी पार्क में कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धापूर्वक स्मरण कर पुष्पांजलि अर्पित की एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गांधीजी व शास्त्री जी अमर रहे के गगनभेदी नारे लगाये गये। इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के प्रतिनिधिगण और गांधीवादी नेताओं का सम्मान किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से राममूर्ति शर्मा, सुश्री रूकमणी रोहिला, संतोष सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमदीप राठौर को शॉल श्रीफल व पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर सर्वधर्म सभा आयोजित की गई, जिसमें सीहोर संगीत विश्वविद्यालय के छात्रों एवं उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से रामधुन गाकर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजीव गुजराती द्वारा गाँधीजी और शास्त्री जी के विचारों, मूल्यों और योगदान को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और गांधी जी के



जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी ने हमेशा ही सच्चाई और ईमानदार की राह पर चलते हुए अपने जीवन में सादगी, सेवा भाव और त्याग को अपनाया। उनका मानना था कि बड़े बदलाव के लिए अहिंसा और सत्याग्रह सबसे प्रभावी हथियार हैं। गांधी जी ने अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों के जरिये देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शास्त्रजी को याद करते हुए कहा कि शास्त्री जी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारत के संघर्ष में एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बाद में हरित क्रांति में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरे, जिसका उद्देश्य कृषि आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर राममूर्ति शर्मा, ओमदीप, नईम नवाब, ओम वर्मा, सुश्री रूकमणी रोहिला, जयमल राजपाल, विष्णु प्रसाद राठौर, राजाराम बड़े भाई, राजेंद्र वर्मा, निशांत वर्मा, भूरा यादव,रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, डॉ. अनीस खान, ओम बाबा राठौर, रामायण प्रसाद शुक्ला, मुनव्वर मामू, नरेन्द्र खगराले, राकेश वर्मा, आशीष गेहलोत, घनश्याम मीणा, घनश्याम यादव, संतोष सिंह, प्रेमनारायण परमार,मांगीलाल जाट, गुलजारी बाजपेयी, मुकेश गरोडिया, विनोद राठौर, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, पंकज शर्मा, अरूण मालवीय, लखन माहेश्वरी, सुमित नर्रे, गजराज परमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन

**रेहटी।** हिन्दू उत्सव समिति रेहटी द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी रंगारंग आतिशबाजी के साथ रावण का दहन हुआ कृषि उपज मंडी प्रांगण पर आयोजित इस समारोह में 51 फीट ऊंचा रावण आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। नगर रेहटी में लगातार परंपरा चली आ रही है रावण दहन का कार्यक्रम देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग यहां पर पहुंचते हैं। दशहरा पर्व पर हिन्दू उत्सव समिति द्वारा हनुमान मंदिर से भगवान श्री राम का रथ आरती के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें बजरंग अखाड़े के कलाकारों द्वारा तरह-तरह के कर्तव्य दिखाए गए आगे आगे खड़े कलाकार अपने कर्तव्य दिखा रहे थे और पीछे-पीछे राम रथ के साथ लोग जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे जहां-जहां से भी रामरथ निकला नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जैसे ही राम रथ कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंचा वैसे ही जय श्री राम के जयकारों से पूरा मंडी प्रांगण गूज गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इटावा सरकार के गुरु जी द्वारा की गई वहीं मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद रेहटी के अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल द्वारा की गई उनके साथ हिन्दू समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता भी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इसके बाद नगर में धार्मिक आयोजन करने वाले



सभी लोगों को हिंन्दू उत्सव समिति द्वारा उनका सम्मान किया गया साथ ही पत्रकारों का भी यहां पर सम्मान किया गया इसके उपरांत राम रावण युद्ध हुआ जिसमें जीत भगवान श्री राम की हुई और रावण के पुतले का दहन किया। कार्यक्रम का आभार हिंन्दू उत्सव समिति के उपाध्यक्ष राजेश सिंह राजपूत द्वारा किया गया। इस मौके पर भारी तादाद में जनसमूह उपस्थिति था।

## जागरुकता के लिए आयोजित होगा नुक्कड़ नाटक

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वाधान में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत दूसरे दिन शुक्रवार को केन्द्र के संचालक राहुल सिंह के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आधा दर्जन से अधिक हितग्राहियों का पुष्पमाला के साथ स्वागत किया।

इस दौरान मंच के जिला उपाध्याय धर्मेन्द्र माहेश्वरी ने कहाकि नशा जीवन को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से बर्बाद कर देता है, क्योंकि यह स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, रिश्तों को तोड़ता है, वित्तीय बर्बादी का कारण बनता है और अपराध की




ओर धकेलता है। लंबे समय तक नशे का सेवन कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं जैसे हृदय रोग, यकृत रोग, कैंसर और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है।

**आगामी दिनों में विद्यालयों में किया जाएगा नुक्कड नाटक :** श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी आठ अक्टूबर तक महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में केन्द्र के द्वारा नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया जाएगा। नशा मनुष्य जीवन का नाश करता है। बेहतर जीवन के लिए नशे से दूर रहना ही समझदारी है। नशा करने वाला व्यक्ति अपना कितना धन व सम्मान नशे में खो देता है, उसे स्वयं ही मालूम नहीं होता। नशे की लत छूटने उपरांत उसे इसके दुष्परिणामों का एहसास होता है तथा पश्चाताप करता है कि उसने यह नशे की लत पहले ही क्यों नही छोड़ी।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ समापन

**बुधनी।** गांधी जयंती के अवसर पर स्थानीय नगर परिषद सभागार में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर सीएमओ संतोष रघुवंशी ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस मौके पर उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई वहीं संकल्प लिया कि अपने घर,कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थानो पर स्वच्छता बनाए रखेंगे और आमजान को भी स्वच्छता के प्रति हमेशा प्रेरित करते रहेंगे इस




अवसर पर फीडबैक फाउंडेशन के सदस्य, राजस्व निरीक्षक जितेंद्र सिंह बघेल, पंडित धीरेंद्र तिवारी, स्वच्छता निरीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान एवं नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मना दशहरा महोत्सव, शिवराज सिंह ने फोन पर दीं शुभकामनाएं

# असत्य पर सत्य की हुई जीत, रावण का जला अहंकार






हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व बुधनी में बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

हालांकि, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हो सके लेकिन उन्होंने मोबाइल फोन के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को दशहरा की शुभकामनाएं दीं और पहली बार शामिल न हो पाने पर खेद भी जताया।कार्यक्रम की शुरुआत संस्कृति विभाग द्वारा आमंत्रित श्री चंद्र माधव बारीक ग्रुप के द्वारा प्रस्तुत हनुमान लीला से हुई बारिश के बावजूद भी हजारों दर्शकों ने इस मनमोहक मंचन का आनंद लिया।

इसके पश्चात विधायक रमाकांत भार्गव द्वारा 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया इस अवसर पर उन्होंने सभी को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मुंबई से आईं संजीवनी बेलंदे के ग्रुप ने रंगारंग गीतों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत,अर्जुन मालवीय और हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सतीश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंच पर उपस्थित रहे समिति के अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने सभी अतिथियों का पुष्प हार से स्वागत किया और उपस्थित जनों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय,सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश पाल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष आज़ाद सिंह राजपूत,तुलसीराम मसानिया,मनोहर महेश्वरी,केशव चौहान, राम सजीवन यादव, नप उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा,शिवानी यादव, पंडित धीरेंद्र तिवारी, पार्षद श्रीकांत शर्मा, प्रभात भदौरिया, आरती किशन मालवीय,रजनी हरदयाल आज़ाद, संतोष राजपूत, हेमलता शिवहरे, यशवंत चौहान, लेखराम यादव, किशन मालवीय, पवन चंद्रफेरी,मनीष बाजपेई,विनोद शिवहरे,मांगीलाल यादव,राकेश तनेजा, विशाल खत्री,भानु प्रताप यादव,दीपक यादव,सुनील कैथवास आदि उपस्थित रहे।

## 6 को किसान जताएंगे विरोध, नगर में ट्रैक्टर रैली का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

मध्य प्रदेश सरकार की सोयाबीन भावांतर योजना के विरोध में किसान आगामी 6 अक्टूबर सोमवार को एक विशाल ट्रैक्टर रैली निकालने जा रहे हैं।

किसानों की प्रमुख मांग है कि सोयाबीन की खरीदी भावांतर योजना के बजाय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाए। यह विशाल किसान आक्रोश वाहन रैली सुबह 11 बजे कृषि उपज मण्डी प्रांगण से शुरू होगी। किसान स्वराज संगठन (संयुक्त किसान मोर्चा) द्वारा आयोजित इस रैली में किसान कई मांगों को लेकर सरकार के सामने अपना विरोध दर्ज कराएंगे। किसानों का कहना है कि महंगाई के अनुपात में फसलों के दाम नहीं बढ़ रहे हैं। जिससे खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। किसानों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए कहा, फसल हमारी, भाव तुम्हारा। नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। किसानों ने मांग की हैं कि भावांतर योजना को बंद कर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन, मक्का की खरीदी सुनिश्चित की जाए। क्षेत्र में अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा और बीमा दिया जाए। रबी सीजन के लिए डीएपी और यूरिया की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित की जाए

**किसान संघ गांव-गांव में जुटा रहे किसानों से जनसंपर्क :** बीते दिनों किसानों की बैठक में आयोजित हुई थी। इसमें ट्रैक्टर रैली निकालने का निर्णय लिया गया। अब रैली की तैयारी को लेकर किसान स्वराज संगठन और किसानों ने गांव-गांव संपर्क किया जा रहा हैं। 6अक्टूबर को विशाल रैली में शामिल होने के लिए किसानों से संपर्क उनकी की मांगों को लेकर किया जा रहा है।

**किसान भाई निर्धारित समय में कराएं पंजीयनः** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन 15 सितम्बर से शुरू हो चुका है। कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

### चार बस्तियों से निकले स्वयंसेवकों का एक साथ हुआ विलय, प्रांत पदाधिकारी ने दिया उद्बोधन

# संघ ने मनाया शताब्दी वर्ष, विजयादशमी पर्व पर संघ का पथ संचलन निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



विजयादशमी पर्व एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर गुरुवार को नगर में संघ का भव्य पथ संचलन निकाला गया। नगर की विवेकानंद बस्ती, महाकाल बस्ती, रविदास बस्ती एवं सुदर्शन बस्ती से अलग-अलग स्थानों से प्रारंभ हुए संचलन नगर भ्रमण करते हुए एक ही स्थल पर आपस में विलय हुए। इस दौरान नगर राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की झलक से सराबोर हो उठा।

घोष की गूंज, ध्वज वेशभूषा और कदम से कदम मिलाकर चल रही स्वयंसेवकों की अनुशासित टुकड़ियों ने जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। चारों संचलनों का समापन स्थानीय मांगलिक परिसर में समाजसेवी शिवनारायण मालवीय की अध्यक्षता में हुआ, तत्पश्चात संघ के प्रांत समरसता प्रमुख लक्ष्मीनारायण चौहान ने स्वयंसेवकों एवं उपस्थित जनों को संबोधित किया। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष और विजयादशमी के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए अत्यंत सौभाग्य का है। ठीक 100 वर्ष पूर्व 1925 में डॉक्टर हेडगेवार ने संघ का वीज रोपण किया था, जो आज वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है।

#### संध संगठन नहीं बल्कि एक विचार है

उन्होंने कहा कि संघ केवल संगठन नहीं बल्कि एक विचार है, इसलिए अनेक बाधाओं और विरोध के बावजूद इसे समाप्त नहीं किया जा सका। डॉक्टर साहब का स्पष्ट मत था कि व्यक्ति निर्माण से समाज और समाज निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण होता है। इसी उद्देश्य से शाखा पद्धति का निर्माण किया गया, जिसके माध्यम से चरित्र और स्वभाव निर्माण का सतत अभ्यास चलता है। चैहान ने कहा कि आज संघ 39 देशों में विभिन्न नामों से सक्रिय है। डॉक्टर हेडगेवार का स्वप्न भारत को परम वैभव संपन्न राष्ट्र बनाने का था। यह लक्ष्य अब दूर नहीं, लेकिन इसके लिए हमें और अधिक परिश्रम, गति और शक्ति से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज परिवर्तन केवल सत्ता से नहीं होता, बल्कि संगठनों और प्रत्येक नागरिक के योगदान से होता है। जब देश का प्रत्येक नागरिक अपने व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्र प्रथम का भाव अपनाएगा तभी भारत विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित होगा। कार्यक्रम के अंत में संघ की प्रार्थना के साथ पथ संचलन का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, नगरवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

#### पांच प्रमुख परिवर्तनों पर विशेष जोर दिया

1. समरसता – जातिगत भेदभाव दूर कर समाज में समानता का भाव।
2. स्वदेशी – प्रत्येक नागरिक के जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग।
3. परिवार व्यवस्था – भारतीय संस्कृति की जड़ को मजबूत करना, परिवार को जोड़कर रखना।
4. पर्यावरण संरक्षण – प्रकृति का संतुलन बनाए रखना और उसका रक्षण करना।
5. नागरिक कर्तव्य – समाज और राष्ट्र के नियमों का पालन करते हुए अच्छे नागरिक बनना।

#### कुरावर में भी मनाया गया संघ का शताब्दी वर्ष

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष पर की शस्त्र पूजन, संघ का उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा करना, राष्ट्र निर्माण में हम सब का गिलहरी जैसा सहयोग होना चाहिए यह बात संघ के जिला समरसता प्रमुख चंद्रवंशी ने कही। सन 1925 स्थापना से लेकर वर्ष 2025 के शताब्दी वर्ष को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शस्त्र पूजन कर शताब्दी वर्ष मनाया।*

### माचलपुर में विजयदशमी पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन

विजयदशमी पर्व के पावन अवसर पर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन निकाला गया। यह आयोजन केवल उत्सव तक सीमित न रहकर समाज के लिए संगठन, अनुशासन और संस्कृति का सशक्त संदेश लेकर आया। इस अवसर पर मध्य भारत प्रांत विद्या भारती के प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।



#### सिविल सर्जन बोले मृत लाया गया था युवक

## इलाज में लापरवाही, परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा



**राजगढ़।** मुख्यालय समीपस्थ ग्राम बाल्दिया निवासी एक 20 वर्षीय युवक बनवारी पिता रामप्रसाद वर्मा गांव के समीप स्थित तालाब में मूर्ति विसर्जन के दौरान डूब गया। परिजन और ग्रामीण उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि अस्पताल लाने के तुरंत बाद उसका इलाज शुरू नहीं किया गया अन्यथा उसकी मौत नहीं होती। इस बात को लेकर ग्रामीणों द्वारा कुछ देर तक अस्पताल में हंगामा किया गया। बाद में एसडीओपी, टीआई मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी लेकिन वे हंगामा करते रहे। ऐसे में पुलिस को उन्हें शांत करने तितर-बितर करना पड़ा। बाद में मृतक के पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

#### पुलिस पर लगाए मारपीट के आरोप

मृतक युवक बनवारी के भाई मुकेश वर्मा ने बताया कि हम सिर्फ डॉक्टर्स से उचित इलाज की मांग कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने हमें खदेड़ते हुए हमारे साथ मारपीट की। वहीं, पुलिस का कहना है कि हमारे द्वारा कोई मारपीट नहीं की गई बल्कि हंगामा कर रहे लोगों को शांत करने समझाइश दी गई थी। ग्रामीणजन डॉक्टर्स सहित चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों से भी अभर्दता कर रहे थे।

#### इनका कहना है...

युवक बनवारी को मृत स्थिति में ही अस्पताल लाया गया था। ड्यूटी डॉक्टर ने तुरंत उसकी ईसीजी इत्यादि जांचें भी करवाईं जिसमें वो मृत ही पाया गया।

**नितिन पटेल, सिविल सर्जन, राजगढ़**

#### मूर्ति विसर्जन के दौरान क्रेन पलटी, हादसा टला

**कुरावर।** कुरावर के समीप मोईलीकला में बने तालाब पर में मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हाादसा होते होते टला है। यहां क्रेन पलटने से मूर्ति विसर्जन कर रहे लोग बाल-बाल गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार को कुरावर से 12 किलोमीटर दूर ग्राम मोईलीकला में बने तालाब पर दुर्गा माता की मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा उस समय टल गया जब कुरावर चल समारोह के पश्चात करीब 25 से अधिक दुर्गा माता की मूर्तियां विसर्जन के लिए मोईली कला स्थित तालाब पर पहुंची। तालाब में मूर्ति विसर्जन के लिए बड़ी क्रेन लगाई गई थी एक एक कर नगर परिषद के कर्मचरी सावधानीपूर्वक मूर्ति विसर्जन के कार्य में लगे थे तभी कुरावर के वार्ड क्रमांक 05 में स्थापित कुरावर की महारानी समिति में स्थापित विशाल मां काली की मूर्ति का विसर्जन किया जा रहा था इसी दौरान क्रेन अचानक पलट गई, हादसे में विसर्जन कार्य में लगे नगर के कर्मचारी सहित पास खड़े लोग बाल-बाल बच गए। हालांकि इस हादसे में माता की मूर्ति खंडित हो गई और गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।



## खुजनेर में 71 फीट ऊंचे रावण के पुतले का हुआ दहन

**खुजनेर।** नगर खुजनेर में विजयदशमी का पर्व बड़े धूमधाम से मना। 71 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन हुआ। वहीं उज्जैन व राजस्थान के कलाकारों द्वारा रावण का पुतला बनाया गया विजयदशमी का पर्व रावण पर भगवान राम की जीत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। नगर के पं दीनदयाल चैराहा न्यू दशहरा मैदान पर गुरुवार शाम को नगर परिषद द्वारा चाक चैबंद व्यवस्था की गई। परंपरा अनुसार नगर के मज्जिद चैक स्थित श्री राम मंदिर से चल समांरोह प्रारम्भ हुआ जो झंडा पीपल राजगढ़ चौराहा से झिरी वाले मंदिर से शिमला बस स्टैंड से होते हुए श्री राम के भजनों पर झूमते गाते विमान नया दशहरा मैदान पहुंचा जहां रावण दहन कर पुनःविमान श्री राम मंदिर पहुंचा। वहीं अलग-अलग प्रकार की रंग बिरंगी आतिशबाजी के बाद 71 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन हुआ। नगर परिषद सीएमओ कृष्णकांत शर्मा द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष 56 फीट का रावण का पुतला बनाया था इस बार 71फीट ऊंचा रावण बनाया गया है, जिसमे राजगढ विधायक अमर सिंह यादव नप अध्यक्ष कैलाशी बाई यादव पूर्व नप अध्यक्ष पंकज शर्मा उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह नप पार्षद सहित बडी संख्या में नगर वासी मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



**सारंगपुर।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधी जयंती के अवसर पर गांधी चैक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के मंत्री गौतम टेटवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी समाज को नई दिशा देते हैं। सत्य और अहिंसा का उनका संदेश हर युग में प्रासंगिक है और हमें राष्ट्रहित में उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक कुंवरजी जी कोठार,वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत सोनी,शिवनारायण पुष्पद, महामंत्री कमल राठौर,पार्षद गोपाल पाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो सभी ने राष्ट्र के प्रति समर्पण का संकल्प लिया।

#### आतिशबाजी और शोभायात्रा के बीच जला अहंकार का प्रतीक रावण

## कर्मचारी कॉलोनी दशहरा मैदान में हुआ रावण का दहन





**कालापीपल।** विजयादशमी पर्व के अवसर पर कर्मचारी कॉलोनी वार्ड क्रमांक 5 स्थित दशहरा मैदान में हिंदू उत्सव समिति द्वारा रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री हनुमान मंदिर से भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण की सवारी के साथ हुई। शोभायात्रा दुर्गा मंदिर, गणेश मंदिर, आवास एवं कर्मचारी कॉलोनी के मुख्य मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान पहुंची।

नगर के वरिष्ठ जनों ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की सवारी का स्वागत किया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु दशहरा मैदान पर एकत्र हुए। आतिशबाज़ी और 30 फ़ीट ऊचे रावण दहन का दृश्य देखते ही बनता था। पूरे वातावरण में अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक भगवत सिंह वर्मा ने किया। अंत में वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद अनीता भगवत राजपूत ने नगर परिषद पानखेड़ी कालापीपल के अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, समस्त पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बद्रीलाल पुरबिया एवं समस्त स्टाफ, धर्म प्रेमी भाई-बहनों, पुलिस प्रशासन, पत्रकार गण एवं हिंदू उत्सव समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## विजयादशमी पर्व पर पुलिस थाने में राज्यमंत्री टेटवाल ने शस्त्र पूजन किया



**सारंगपुर।** विजयादशमी पर्व पर परंपरानुसार शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन सारंगपुर पुलिस थाना परिसर में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, इसलिए शस्त्र पूजन हमारी परंपरा और संस्कृति का अभिन्न अंग है। एसडीओपी अरविंद्र सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा सहित पुलिस बल के जवानों ने भी विशेष पूजा-अर्चना में भाग लिया। पूजन के बाद मंत्री टेटवाल ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से भेंट कर उनके कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की और उन्हें समाज की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला,भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकला



**जीरापुर।** विजयदशमी उत्सव पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन स्टेडियम ग्राउंड से प्रारंभ हुआ। जो नगर के प्रमुख मार्ग आवास कॉलोनी खिलचीपुर नाका बस स्टैंड गांधी बस्ती भावसार मोहल्ला शाहजी मोहल्ला चोपड़ा बाजार बुधवारिया बाजार अटल चैक माचलपुर नाका इंद्र चैराहा होते हुए यथार्थ अपने स्थान स्टेडियम ग्राउंड पहुंचा विजयदशमी उत्सव के पावन अवसर पर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन निकाला गया। यह आयोजन केवल उत्सव तक सीमित न रहकर समाज के लिए संगठन, अनुशासन और संस्कृति का सशक्त संदेश लेकर आया। इस अवसर पर क्षेत्र के व्यवस्था प्रमुख सुरेश जैन मुख्य वक्ता रामानंद शास्त्री बंडावत आश्रम महेश जमीदार खंड संघ संचालक में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में सुरेश जैन ने कहा कि विजयदशमी असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व है। भगवान श्रीराम ने इसी दिन लंका पर विजय प्राप्त कर मर्यादा, साहस और कर्तव्यपालन का आदर्श स्थापित किया। महिषासुर मर्दिनी माँ दुर्गा ने भी इसी दिन धर्म की रक्षा हेतु दुष्टों का संहार किया। इसीलिए विजयदशमी उत्सव हम सभी को अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है।

## विजयादशमी पर्व पर परंपरानुसार पुलिसलाइन में हुआ शस्त्र पूजन



**राजगढ़।** हमें शस्त्र और शास्त्र दोनों का अध्ययन एवं सम्मान करना चाहिए। शस्त्र पूजा हमें धर्म, कर्म और कर्तव्य का बोध कराती है। उक्त विचार मध्यप्रदेश शासन के मछुवा कल्याण एवं मत्स्य विभाग (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री नारायण सिंह पंवार ने विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, पूर्व विधायक रघुनन्दन शर्मा, दीपेंद्र सिंह चौहान, मनोज हाड़ा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

विजयादशमी के पावन पर्व पर परंपरा अनुसार पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन करने के बाद पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आधुनिक भारत एवं आधुनिक मध्यप्रदेश में प्रदेश की पुलिस को आधुनिक हथियार, शस्त्र एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराने के दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। विजयादशमी के पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि शस्त्रों का पूजन करने से हमें साधना एवं कर्तव्य की अनुभूति होती है। इस अवसर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री निधि भारद्वाज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत मनाई जयंती



**कुरावर।** नगर परिषद कुरावर अंतर्गत शासन के निर्देशन अनुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत गुरुवार को कार्यालय नगर परिषद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर फूल माला अर्पण कर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद चंद्रवंशी द्वारा स्वच्छता के महत्व के बारे में समझाया गया और जनप्रतिनिधियों द्वारा सफाई मित्रो की सुरक्षा हेतु सभी को पीपीई किट प्रदान कर फूल माला से सम्मानित किया एवं कार्यक्रम का आभार मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री लीलाधर सेन द्वारा किया गया। ,सभी जनप्रतिनिधियों , अधिकारीगण एवं सफाई मित्रो द्वारा कालापीपल रोड स्थित शमशान पर साफ सफाई कर श्रमदान किया एवं स्वच्छता की शपथ ली।

#### संपूर्ण जिले में उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया विजयादशमी पर्व

# आतिशबाजी के बीच धूं-धूं करके जले दशानन

### राजगढ़ में निकले चलसमारोह में रामायण के पात्रों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई एवं असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी गुरुवार को मुख्यालय सहित जिले भर में धूमधाम और उल्लास के साथ विभिन्न आयोजनों के बीच मनाया गया। सूर्यास्त उपरान्त प्रदोषकाल में सभी जगह रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच रावण के पुतलों का दहन किया गया। इसके उपरान्त सभी ने अपने मन के अंदर की बुराईयों के दहन का भी संकल्प लिया और एक-दूसरे के गले मिलकर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।

विजयादशमी पर मुख्यालय पर इस वर्ष निकाला गया चल-समारोह अन्य वर्षों की अपेक्षा काफी खास रहा। काशीपुरा क्षेत्र स्थित बड़े हनुमान मंदिर से रामायण के विभिन्न 45 पात्रों को सम्मिलित करते हुए अलग-अलग 12 झांकियां बनाई गई थी। मंदिर में पूजा-अर्चना उपरान्त गाजे-बाजे, ढोल-ढमाकों के बीच चल-समारोह आरंभ हुआ जो पुराने बस स्टैंड, घूमघाटी होता लक्ष्मीकांत मंदिर पहुंचा। यहां राम-लक्ष्मण की जीवंत झांकी परंपरानुसार झांकी अलग से सजाई गई थी। गार्ड ऑफ ऑनर उपरान्त चल-समारोह पुनः आरंभ हुआ जो पारायण चैक तक पहुंचा।



#### पारायण चौक में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

चल समारोह के पारायण चौक पहुंचने पर वहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ आयोजित हुआ एवं भगवान राम-हनुमान का मिलन करवाया गया। इसके उपरान्त चल-समारोह दशहरा मैदान के लिए रवाना हुआ। इस बीच 45 दिव्य पात्रों द्वारा विभिन्न तरह की प्रस्तुतियां चल-समारोह के दौरान दी गईं।

#### रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच जले दशानन

मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने निर्मित नवीन दशहरा मैदान पर नगर पालिका द्वारा दर्शकों के लिए व्यापक इंतेजाम किए गए थे। यहां विमान में विराजमान भगवान की पूजा इत्यादि उपरान्त करीब 1 घंटे तक रंगबिरंगी आतिषबाजी से रात्रि में भी आसमान सतरंगी हो उठा। इसके उपरान्त भगवान राम ने अपना तीर रावण की नाभि में मारा और बुराई धूं-धं करके जल उठी। हजारों की संख्या में उपस्थित लोग असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक रावण दहन के साक्षी बने।

**खबर संक्षेप**

### किसान संघ ने की मांग सोयाबीन की खरीदी में छलावा न हो

**आष्टा।** भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक गुरुवार को कृषि उपज मंडी के बैठक कक्ष में हुई। इसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बलराम जयंती उत्सव, किसान दिवस और 15 तारीख के कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इसके बाद किसानों की समस्याओं पर बात हुई। अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा, सोयाबीन खरीदी में किसानों के साथ कोई छलावा न हो। भावांतर योजना में पूरी फसल का समर्थन मूल्य के बराबर भुगतान मिले। पिछले साल के बीमा क्लेम का भुगतान अब तक नहीं हुआ। इस साल सोयाबीन में कई बीमारियों से नुकसान हुआ। किसानों को राजस्व, बिजली और सहकारिता विभाग से जुड़ी समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। रबी सीजन की तैयारी को लेकर भी चिंता जताई गई। बिजली की आपूर्ति निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण हो। सरकारी दफ्तरों में किसानों को लटकाने-भटकाने की व्यवस्था पर भी नाराजगी जताई गई। बैठक में जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा, तहसील अध्यक्ष जितेंद्र आर्य, जिला उपाध्यक्ष गजराज सिंह ठाकुर, मोतीलाल मंडलोई, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, तहसील मंत्री विनोद, तहसील उपाध्यक्ष शिवनारायण, मांगीलाल, ज्ञान सिंह, विजेंद्र सिंह ठाकुर, अखिलेश जैन, नवीन शर्मा सहित कई किसान कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कदमताल करते हुए निकले स्वयंसेवक

**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्षगांठ पर गुरुवार को बिलकिसगंज में भव्य पथ संचलन निकाला गया। झागरिया खंड के बड़ी संख्या में स्वयंसेवक परंपरागत गणवेश में अनुशासित ढंग से कदमताल करते हुए भारत माता की जयघोष और देशभक्ति गीतों के साथ आगे बढ़े। पथ संचलन उप गल्ला मंडी से शस्त्र पूजन के बाद शुरू हुआ। मुख्य मार्गों से होता हुआ झागरिया जोड़ पहुंचा। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद संचलन पुलिया चौराहा, बस स्टैंड, भवानी चौक, मंदिर कॉलोनी से होकर निकला।

## आष्टा में तीन स्थानों पर हुआ रावण दहन, शहर के प्रमुख मार्गों से निकला चल समारोह

# हमारे त्यौहार वसुधैव कुटुंबकम की भावना रखने वाली भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्साः रायसिंह मेवाड़ा






चल समारोह परंपरानुसार भाऊबाबा मंदिर से प्रारंभ हुआ। आयोजन स्थल पर रावण का विशाल पुतला दहन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुरुवार को आष्टा ब्लॉक में आसुरी शक्तियों पर सद्भाव और सदवृत्ति की विजय का पर्व दशहरा नगर में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी पर्व का चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गो से निकाला जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। विजयदशमी पर्व पर चल समारोह शहर के भाऊबाबा मंदिर से शुरू हुआ जो की बुधवारा, परदेसीपुरा, पुराना भोपाल इंदौर मार्ग, पुराना बस स्टैंड, सब्जी मंडी, बड़ा बाजार होता हुआ पुराना दशहरा मैदान के बाद कन्नौद रोड स्थित मुख्य दशहरा मैदान पहुंचा जहां पर राम रावण युद्ध हुआ और उसके बाद रावण के साथ-साथ में, कुंभकरण के पुतले का भी दहन किया गया। बता दे की इस बार आष्टा शहर में तीन स्थानों पर रावण दहन किया गया पहले अलीपुर, दूसरा पुराना दशहरा मैदान और तीसरा नया दशहरा मैदान पर रावण दहन किया गया साथ ही दूसरे दिन यानी शुक्रवार को खड़ी में रावणदहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और तीसरे दिन ब्लॉक के कजलास में रावणदहन होगा। इस अवसर पर आष्टा नगर में दशहरा पर्व मिल जुल कर प्रेम और उल्लास के साथ दशहरा मनाया गया। जगह जगह दशहरा चल समारोह का सामाजिक, संस्थाओं, जनप्रतिनिधियो ने स्वागत सम्मान किया।

### नगर पालिका ने किया स्वागत

असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी का चल समारोह परंपरानुसार भाऊबाबा मंदिर से प्रारंभ हुआ जो गाजे-बाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ खंडेलवाल चौराहा पहुंचा, जहां नगरपालिका द्वारा मंच बनाकर नपाध्यक्ष








हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में चल समारोह में शामिल दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष राहुल वाल्मिकी, सकल हिन्दू समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठजनों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ चल समारोह में शामिल मां दुर्गा मंडल अध्यक्षों, अखाड़ा उस्तादों, बैंक संचालकों आदि का साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया। चल समारोह में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, वीर बजरंगी व दशानन के वेशभूषा में आकर्षक रथ पर सवार कलाकारों का नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने तिलक लगाकर आरती उतारी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति में पर्व-त्यौहारों का एक अलग ही महत्व है। हर त्यौहार समाज और परिवार की मजबूती को बढ़ाता है। विजयादशमी दशहरा सभी के सुख की कामना करने वाली और सबकी आस्थाओं को समान आदर-सम्मान देने और वसुधैव कुटुंबकम् की भावना रखने वाली भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नगरवासियों को विजयादशमी पर्व की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय त्यौहारों की सबसे अच्छी बात यह है कि उनमें से अधिकांश अपने साथ एक नैतिक शिक्षा लेकर आते हैं। ऐसा ही एक प्रसिद्ध त्यौहार दशहरा है। यह पावन पर्व चाहे कुछ भी हो, सत्य की हमेशा विजय होती है इस बात का संदेश लेकर आता है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललित नागौरी, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, पार्षदगण रवि शर्मा, तारा कटारिया, डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, सुभाष नामदेव, तेजसिंह राठौर, तारा कटारिया, तेजपाल मुकाती, विशाल चौरसिया, उमेश शर्मा, नगर महामंत्री मोहित सोनी, मनीष धारवां, पवन वर्मा, रूपाली चौरसिया, चेतन वर्मा, कुशलपाल लाला, पूरणसिंह मेवाड़ा, दीनानाथ परमार, रोहित सेन आदि मौजूद थे।

### कार्तिकेय चौहान हुए शामिल

दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में इस बार विशाल चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया। इसके बाद मुख्य आयोजन स्थल पर रावण का विशाल पुतला दहन किया गया। इस दौरान दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के ज्येष्ठ पुत्र कार्तिकेय चौहान भी प्रमुख रूप से शामिल हुए।इस दौरान राहुल वाल्मीकि ने कार्तिकेय चौहान का स्वागत किया तो प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। इस मौके पर कार्तिकेय चौहान ने आष्टा के दशहरा पर्व की भरपूर तारीफ की और कहा कि वाकई बड़े शहरों की तर्ज पर आष्टा में भी दशहरा मनाया गया है और यह बड़ी संख्या में मौजूद लोगों की भीड़ इस बात की गवाही है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक गोपाल इंजिनियर, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंबर राय सिंह मेवाडा, समाजसेवी जितेंद्र कैलाश सोनी, मोहित सोनी,वीरेंद्र राठौर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नवरात्रि पर्व के समापन के साथ जगह-जगह हुए भंडारे





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुरुवार को शहर के विभिन्न माता के पांडालों में में पूजा अर्चना के साथ कन्या भोजन, भंडारे का आयोजन हुआ और इसी के साथ नवरात्रि पर्व का समापन हुआ।

दिन भर माता रानी की प्रतिमाओं का पार्वती नदी के पास स्थित सर्वधर्म कुंड में विसर्जन हुआ। बता दे की नवरात्रि पर्व के दौरान पूरे शहर में माता रानी के दरबार में भक्त भक्ति में लीन थे गुरुवार को नवरात्रि के समापन के साथ ही सुबह से माता रानी के दरबार में भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। सर्वधर्म को में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन पार्वती नदी के पास स्थित रेस्ट हाउस के नजदीक सर्वधर्म कुंड में शहर की माता रानी के प्रतिमाओं का पूजा अर्चना के बाद विसर्जन किया।

बड़ी प्रतिमाओं को क्रेन की मदद से विसर्जित किया गया। यहां पर पुलिस बल के साथ-साथ नगर पालिका के गोताखोर भी तैनात रहे। इन स्थानों पर कन्या भोजन, भंडारे का आयोजन शहर के अलीपुर , माता चौक नजर गंज, बजरंग कॉलोनी, बंजारी धाम माता मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया यहां पर सुबह से लेकर दोपहर 2 बजे तक भंडारे का आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगेः गोपाल सिंह इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के सांदीपनि शासकीय उमावि के छात्र गोविंद मालवीय ने हायर सेकण्डरी परीक्षा 2025 की राज्य प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया था। सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने गोविंद मालवीय को दो पहियां वाहन की चाबी सौंपी और कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने में हरसंभव प्रयास किया जाएंगा। उन्होंने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वो मन लगाकर पढ़ाई करें और अपनी रूचि के खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में सहभागिता कर उस क्षेत्र में अपने हुनर का प्रदर्शन करें। इस वर्ष गोविंद मालवीय और अंषिका वर्मा को दो पहियां वाहन मिले है। प्राचार्य ने कहा कि स्कूल के द्वारा उच्च गुणवत्ता



की शिक्षा प्रदान की जा रही है। खेलकूद और अन्य सांस्कृतिक, साहित्यिक आदि क्षेत्रों में भी विशेष प्रयास किए जा रहे है। इसी का परिणाम है, कि विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्षन कर रहे है। सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों ने खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर पंकज मालवीय ने सॉफ्टबाल, योगेश मेवाड़ा, सचिन, पियूष और आनंद रेकवाल ने राज्य स्तर सॉफ्टबाल में क्रिकेट में राज्य स्तर पर मोहिनी अवलोसिया और कबड्डी में राज्य स्तर पर मुस्कान मेवाड़ा, नंदनी वर्मा, भूमिका मेवाड़ा, सलोनी मेंवाड़ा, मुस्कान रेकवाल, षिवानी, निकिता मेवाड़ा, रोशनी मेवाड़ा, विनिता सेन, ज्योति परमार, राधा मेवाड़ा, रीया महेश्वरी, योगेश मेवाड़ा ने सहभागिता की। कुछ ही दिनो पूर्व ही महेन्द्र वर्मा ने फ्रीस्टाइल कुश्ति और माही कंडारे ने वेटलिफ्टिंग में राज्य स्तर पर पदक प्राप्त किए है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, प्राचार्य सितवत खान और विद्यालय के शिक्षक अंत्येश धारवां, असमा खानम, जितेन्द्र मेवाड़े, पदमा परमार, भूपेन्द्र सिंह, पवन राया, सतीष वर्मा, खेलकूद ब्लाक समन्वयक डी.एस. मांडवा, सुनदां वर्मा, एस.के. सिंगारिया, राजेश राठौर आदि ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## गांधी जयंती के अवसर पर 144 ग्राम पंचायतों में मनाया गया स्वच्छता दिवस

# सफाई मित्रों को सम्मानित कर डिग्निटी कार्ड वितरित किए





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक दैनिक कैलेंडर अनुसार स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन विभिन्न विभागों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। इसी श्रंखला में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन और कलेक्टर बालगुरु के. के नेतृत्व व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नितिन टाले के निर्देशन में 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत -अंतर्गत शामिल 144 ग्राम पंचायतों स्वच्छ दिवस के रूप में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में स्वच्छता मित्रों को सम्मानित कर विभिन्न योजनाओं से पात्रता अनुसार लाभान्वित किया जा कर कर डिग्निटी कार्ड वितरित किए गए।

ग्राम पंचायत-मेहतवाड़ा में आयोजित ग्राम सभा में 20 सफाई मित्रों को फूल-माला से सम्मानित कर ग्राम पंचायत द्वारा डिग्निटी कार्ड वितरित किए गए। ग्राम सभा में जनपद पंचायत-आष्टा से उपस्थित स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण योजना के ब्लॉक समन्वयक गौरव सिंह राठौड़ द्वारा शासन द्वारा जारी विभिन्न एजेंडा पर चर्चा की गई। जिसमें खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय,ग्राम स्तर पर पंचायत की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार की कर वसूली (ओएसआर), मनरेगा योजना अंतर्गत विभिन्न उपयोजनाओं पर चर्चा, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवासों पर चर्चा, स्वच्छ भारत मिशन -ग्रामीण अंतर्गत गांव व ग्राम पंचायत के ओडीएफ प्लस के स्थायित्व पर चर्चा, आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग ,सामाजिक न्याय विभाग,महिला बाल विकास विभाग, किसानो के लिए भावांतर योजना-2025, दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान व ग्राम सभा में ग्रामीणों के साथ दशहरा मिलन समारोह का आयोजन हुआ।

साथ ही नवरात्रि उत्सव के समापन के अवसर पर भंडारों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं माँ दुर्गा मूर्ति के विसर्जन के समय आवश्यक सावधानी बरतने तथा शासन-प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की समझाइस दी गई। मूर्ति विसर्जन के दौरान अजैविक सामग्री को पानी में नहीं बहने तथा उसका सुरक्षित निपटान करने के लिए संबंधित समितियों को जानकारी दी गई। ग्राम सभा में विभिन्न विभागों के कर्मचारी, अधिकारी, सरपंच, सचिव, पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

# कुरावर मंडल में संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर निकाला संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जावर खण्ड के कुरावर मण्डल मे संघ शताब्दी वर्ष संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुए पथ संचलन निकाला।

संघ के यह 100 वर्ष प्रत्येक स्वयंसेवक के त्याग परिश्रम सनुशासन से युक्त है प्रत्येक स्वयंसेवक के कार्य कुशलता के आधार पर संघ आज अपने 100 वर्ष पूर्ण कर पाया है मुख्य वक्ता सीहोर जिला प्रचारक ने संघ की 100 वर्षो की यात्रा कीस प्रकार पूर्ण हुई है संघ का कार्य किस प्रकार समाज परिवर्तन की दिशा मे कार्य कर रहा है भारत से प्रेरणा आज पूरा विश्व पा रहा है। पंच परिवर्तन-सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी जीवन शैली, नागरिक कर्तव्य, आज समाज के हर क्षेत्र संघ के कई प्रकार के विविध संगठन समाज परिवर्तन के कार्य मे लगे है। जैसे विषयों पर स्वयंसेवकों के बीच में रखा।